

# आपकी यात्रा आपका रास्ता

## आप अगला कदम उठाने के लिए तो तैयार हैं लेकिन नहीं जानते कि कहां से शुरू करें? हम आपकी मदद कर सकते हैं।

यह पलक झपकते ही हो जाता है — एक पल में आपके बच्चे आपके लिए किसी पूर्णकालिक नौकरी से कम नहीं होते और देखते ही देखते, वे स्कूल जाने लगते हैं। माता-पिता के रूप में बिताया गया समय आपकी जीवन जीने की क्षमता, समय प्रबंधन और बातचीत की कला को निखारता है। लेकिन कामकाजी दुनिया से दूर रहने का यह समय आपको आगे के कदम तय करने के दौरान थोड़ी घबराहट का एहसास करा सकता है।

एक योग्य मेंटर की मदद से आप अपने व्यक्तिगत, पढ़ाई या काम से जुड़े किसी भी लक्ष्य को हासिल करने के लिए सुविधाजनक सहयोग हासिल कर सकते हैं।



# हम वहां पहुंचने में आपकी मदद कर सकते हैं

## Parent Pathways क्या है?

Parent Pathways एक स्वैच्छिक सेवा है, जो योग्य माता-पिता और छोटे बच्चों की देखभाल करने वालों की व्यक्तिगत और वित्तीय रूप से मदद करती है, ताकि वे अपनी ज़िंदगी के सफ़र में आगे का रास्ता तलाश कर सकें।

यह कार्यक्रम उन माता-पिता की व्यक्तिगत ज़रूरतों पर ध्यान केंद्रित करता है जो अपने अगले कदम के बारे में सोच-विचार कर रहे हैं, चाहे वह प्रशिक्षण या शिक्षा हो या कार्यबल में फिर से प्रवेश करना हो। एक कुशल मेंटर की मदद से, योग्य माता-पिता और देखभालकर्ता अपने अध्ययन और करियर के लक्ष्यों को पहचान कर उन्हें पाने और अपनी पारिवारिक ज़िम्मेदारियों के साथ संतुलन बनाने के लिए सुविधाजनक समर्थन प्राप्त कर सकते हैं।

## कौन योग्य है?

यह सेवा उन माता-पिता और देखभालकर्ताओं के लिए है जिनके पास:

- 6 साल से कम उम्र का बच्चा हो
- वेतनभोगी रोज़गार में नहीं हों
- गैर-रिमोट क्षेत्र में रहते

निम्न भुगतानों में से कोई एक प्राप्त करते हों:

- पेरेंटिंग भुगतान (Parenting Payment)
- देखभालकर्ता भुगतान (Carer Payment)
- विशेष लाभ (Special Benefit)

योग्यता में वे लोग शामिल हैं जिन्हें Centrelink भुगतान नहीं मिल रहा है, और:

- उनकी उम्र 22 साल से कम हो
- स्कूल जल्दी छोड़ लिया हो (वए माता-पिता जिनके पास वर्ष 12 की योग्यता नहीं हो)
- आदिवासी (फर्स्ट नेशन) माता-पिता या देखभालकर्ता

**भाग लेने वाले माता-पिता या देखभालकर्ता के पास किसी भी समय छोड़ कर जाने, ब्रेक लेने या सेवा में लौटने का विकल्प होता है।**



# हम कैसे मदद करते हैं

## कुछ ऐसे तरीके, जिनसे Parent Pathways की सेवा आपकी मदद करती है:

- शिक्षा और करियर के लक्ष्य को निर्धारित करें
- एक कार्य योजना बनाएं
- कौशल की कमी को पूरा करें
- आत्मविश्वास बढ़ाएं
- कार्य और पेरेंटिंग संतुलित करें
- स्थानीय सेवाओं और गतिविधियों तक पहुंचें

माता-पिता या देखभालकर्ता नियमित रूप से अपने Employment Plus मेंटर से मिलेंगे। रोज़गार या आगे की शिक्षा के लिए गतिविधियों को पूरा करने में आपकी मदद करने के लिए हम हर रास्ते में आपके साथ रहेंगे। हम आपके समुदाय का हिस्सा हैं और हमेशा आपकी मदद, मार्गदर्शन और चिंताओं का समाधान करने के लिए मौजूद रहेंगे।

## हमारी सेवाएं:

- भाषा और साक्षरता कार्यक्रम
- करियर गाइडेंस
- चाइल्डकेयर प्लेसमेंट सहायता
- प्रशिक्षण के लिए वित्तीय सहायता
- पारिवारिक सेवाओं के लिए रेफरल
- लघु पाठ्यक्रम और प्रशिक्षण

इसके अलावा, The Salvation Army ने जो विभिन्न सहायता कार्यक्रम और सेवाएं पेश की हैं, प्रतिभागी उन तक पहुंच सकते हैं, जैसे कि Moneycare (वित्तीय परामर्श), शराब और ड्रग पुनर्वास सहायता और बहुत कुछ — Employment Plus के साथ काम करने का एक और फायदा।

## एंगेजमेंट वाउचर

जब आप Parent Pathways प्रोग्राम से जुड़ते हैं, तो Employment Plus अब आमने-सामने की अपॉइंटमेंट में शामिल होने पर आपको एंगेजमेंट सपोर्ट वाउचर सपोर्ट ऑफर कर सकता है।
एंगेजमेंट सपोर्ट वाउचर ईंधन, किराने का सामान और कपड़ों की बढ़ती लागत में आपकी सहायता करने के लिए तैयार किए गए हैं। आपकी अपॉइंटमेंट के दौरान, हम आपकी निजी पसंद और उन वाउचरों के प्रकार पर बात करेंगे जो कि आपके लिए सबसे अधिक फायदेमंद होंगे।

| **प्रारंभिक एंगेजमेंट समर्थन - $100 का वाउचर** | **जारी एंगेजमेंट समर्थन - $50 का वाउचर** |
|---|---|
| यह उन नए प्रतिभागियों को दिया जाता है जो शुरुआत में आमने-सामने की अपॉइंटमेंट के बाद कार्यक्रम में शामिल होते हैं। | यह वाउचर उन मौजूदा प्रतिभागियों को दिए जाते हैं जो कार्यक्रम में शामिल होते हैं और नियमित रूप से आमने-सामने की अपॉइंटमेंट में हिस्सा लेते हैं। |
| प्रति प्रतिभागी $250 तक के एंगेजमेंट सपोर्ट वाउचर उपलब्ध हैं। | |

**अधिक जानकारी के लिए अपने Employment Plus मेंटर से पूछें या हमें 136 123 पर कॉल करें।**

The Salvation Army Employment Plus

Parent Pathways
An Australian Government Initiative

# हमारे बारे में

ऑस्ट्रेलिया की सबसे अधिक नौकरी देने वाली संस्था के रूप में The Salvation Army, Employment Plus पिछले 20 सालों से नौकरी की तलाश करने वालों को नियोक्ताओं से जोड़ रही है। दरअसल, हमने 200,000 से अधिक व्यवसायों में आधे मिलियन से अधिक लोगों को नौकरियों पर रखा है।

हमारे यहां जो लोग नौकरी करना चाहते हैं, उन्हें हम खास प्रशिक्षण और तरह-तरह की सहायता सेवाएं प्रदान करते हैं, ताकि सार्थक और बेहतरीन रोज़गार खोजने में उनकी मदद की जा सके।

हम एक गैर-लाभकारी संस्था हैं, और जो भी अतिरिक्त धनराशि हम अर्जित करते हैं, उसे हम वापस The Salvation Army के सामाजिक कार्यक्रमों में लगाते हैं। इन कार्यक्रमों के ज़रिए हम बेघर लोगों, आपदा पीड़ितों और उन सभी की मदद करते हैं जिन्हें किसी सहारे की ज़रूरत होती है।

हमारे स्थानों या अन्य जानकारी के बारे में अधिक जानने के लिए, यहां जाएं:

**www.employmentplus.com.au/job-seeker-programs/parent-pathways**

अब हम **54 स्थानों** पर Parent Pathways  डिलीवर कर रहे हैं:




न्यू साउथ वेल्स



साउथ ऑस्ट्रेलिया



विक्टोरिया



ज़ोना केली की कला का केंद्र बिंदु समुदाय और आपसी जुड़ाव है, जो उनकी गुमबंगरी और वोरीमी विरासत को दर्शाती है।

*ज़ोना केली, आर्मिडेल, एनएसडब्ल्यू से आदिवासी कलाकार।*

## मदद चाहिए?
## हम मदद करने के लिए यहां हैं

☏ 136 123

www.employmentplus.com.au

ISAL11779